हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025


# पोर्टल पर फर्जीवाड़ा करने पर सात लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर दूसरे किसान की फसल पर अपना नाम दर्ज कराने का आरोप**

**धोखाधड़ी की शिकायत सीएम विंडो पर दर्ज करवाने के साथ कृषि विभाग व अन्य अधिकारियों को भी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मेरा फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर फर्जी विवरण देने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अंसध की आढत फर्म समेत  सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामला दर्ज

सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दूसरे की जमीन का विवरण भरने की शिकायत मिली थी। जिसके चलते असल मालिक योजनाओं के लाभ से वंचित रह गया। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

गांव मुआना निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वर्ष 2023 मे खरीफ फसल के दौरान सरकार ने मेरी फसल, मेरा ब्यौरा योजना को पोर्टल पर लांच किया था। जिसमें किसान को अपनी बिजी गई फसल का विवरण भरना था। जिसके माध्यम से किसान को सब्सिडी समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिलता है। योजना जब लागू हुई तो उस दौरान कुछ लोगों ने उसकी जमीन में बिजी गई फसल का विवरण अपने परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज करवा दिया। जिसके चलते वह तथा उसका परिवार सरकार की योजनाओं से वचिंत रहा और परिवार के लोगों को पोर्टल पर पंजीकृत नही करवा सका। जिससे परेशान हो कर उसने धोखाधड़ी की शिकायत सीएम विंडो पर दर्ज कराने के साथ कृषि विभाग तथा अन्य अधिकारियों को भी दी। जिसमें अगस्त 2024 तक मामले की जांच चली तो सामने आया कि करनाल निवासी धन सिंह, प्रयास, सुशील कुमार के पुत्र, साधुराम का बेटा, अंबाला निवासी हरमिंद्र कौर, बलदेव सिंह, मामचंद का बेटा, पवन कुमार, उदय सिंह, असंध का आढ़ती प्रवीण कुमार के नाम सामने आए। जिस पर आरोपितों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के आदेश दिए गए। मंगलवार को सदर थाना सफीदों पुलिस ने सातों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वाइस चेयरपर्सन व पति के खिलाफ केस दर्ज

- नपा चीका की राजनीति गर्माई, महिला पार्षद के पति की पिटाई का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

शहर की एक महिला पार्षद के पति पर जानलेवा हमला कर उसे घायल करने के आरोप में नगर पालिका चीका की वाइस चेयरपर्सन पूजा रानी, उनके पति राजीव शर्मा व सफाई ठेकेदार का कार्य देखने वाले मनोज सहित छह सात अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। विजय कुमार ने चीका थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी कि गत 7 जून को वह अपने घर के पास गाय को रोटी खिलने गया था कि तभी मनोज कुमार व छह सात अन्य लोगों ने उसके ऊपर कस्सी, डंडों व मुक्कों से हमला कर उसे घायल कर दिया था और उसके गले से सोने की चैन छीन ली थी। विजय कुमार ने शिकायत में बताया कि हमलावरों ने धमकी दी थी कि यदि उनकी पत्नी ने वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से नाम वापस नहीं लिया तो तुम्हें जान से मार देंगे। विजय ने हमलावरों पर सोने की चैन छीनने के भी आरोप लगाए हैं।

### एससीएसटी की शिकायत पुलिस ने की रद

विजय कुमार पर हमले के बाद दूसरे पक्ष से मनोज कुमार ने भी विजय कुमार के खिलाफ मारपीट करने व जाति सूचक शब्द कहने के आरोप लगाते हुए उसी दिन चीका थाना में शिकायत दी थी। चीका थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से मिली शिकायतों की गहनता से जांच करने पर पाया गया कि मनोज कुमार व उसके साथियों ने विजय कुमार पर हमला किया था लेकिन उन्होंने विजय कुमार पर दबाव बनाने के लिए एससीएसटी की झूठी शिकायत दी है जिसे जांच के बाद रद्द कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूजा रानी, राजीव शर्मा व मनोज कुमार सहित छह सात अन्य लोगों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराएं 115 (हत्या का प्रयास), 118 (1) (षड्यंत्र), 126 (सरकारी कार्य में बाधा), 190 व 191 (3 )(झूठी सूचना व बयान) तथा 351 ( 2)(गंभीर चोट पहुंचाना) के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है।

# महंत से 20 लाख की चौथ मांगने का आरोपी दबोचा

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव खरकरामजी मंदिर के महंत को धमकी दे 20 लाख की चौथ मांगने के मामले मे एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। खरकरामजी निरंकार मंदिर के महंत सुखबीर दास ने गत 13 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि होली पर्व पर काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लगभग एक महीना पहले गांव बिघाना निवासी सचिन उर्फ  संचित मंदिर में आया था और चौथ की डिमांड की थी। जिस पर उसने चौथ देने से मना कर दिया था। गत 13 मार्च को वह मंदिर में सेवा पर लगा हुआ था। इस दौरान उसके फोन पर कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को सचिन बताया और कहा कि आपने अब तक मेरा काम नही किया है।


कलयुग में पहली बार सतज्ञान का खुलासा



साहेब बन्दगी सत्यनाम

किसी भी 50 अक्षरी जपने से जीव की मुक्ति नही होती है। जोत निरंजन, ओंकार, रांरकार, सोंह सतनाम या सतपुरुष अकालमुरत, शब्द स्वरुपी राम या ओम कलियम हरियम, श्रीयम, सोंह सत्यम या हरे राम हरे कृष्णा, कबीर कबीर, वाहेगुरु, सतसाहेब, हालेलूइया, अल्लाहू आदि सब नाम इंसानो द्वारा बनाये गए है। इन नामों को जपने से केवल प्रकाश दिखाई देता है लेकिन परमात्मा का अक्षरों से न्यारा है।



सतगुरु नितिन साहिब जी

वाणी गुरु ग्रंथ साहेब जी

दोहाः– जल में मीन प्यासी मोहे देखत आवे हांसी आत्मज्ञान बिना नर भटके कभी कावा कभी काशी।

दोहाः– वस्तु कंही ढुढे कंही कैसे लागे हाथ गुप्त वस्तु तब मिले जब भेदी लीना साथ।
भेदी लिना साथ में वस्तु दीनी लखाये कोटि जन्म का पंथ था पल में पहुँचा जाये।

दोहाः– ज्यों तिल माही तेल है ज्यों चकमक में आग तेरा साई तुझ में है जाग सके तो जाग।

दोहाः– गुरु मेरे सब ही बडे अपनी अपनी ठोर शब्द विवको पारखी सिर माथे का मोर।

दोहाः– जाप मरे अजमा मरे अनहद भी मर जाये
सुरत समाये शब्द में बाको काल ना खाये।

दोहाः– होठ कष्ट लागे नही जिब्हा नही उच्चार
गुप्त वस्तु जो लखे वो है हंस संसार।

दोहाः– सोई गुरु पूरा कहावे दो अक्षर का भेद बतावे
एक छुडावे एक लखावे तब प्राणी निज घर को जावे।

ग्रंथ मंगवाने के लिए सम्पर्क करे
✆ 98290-49204

जानकारी प्राप्त करने के लिए
✆ 98127-72293, 78274-98225

YouTube से सिधे सत्संग प्राप्त करने के लिए सकैन करे

YouTube कहत कबीर सुनो भाई साधो नितिन दास जी।
नितिन दास जी के सत्संग यू ट्युब चैनल पर सुने।



A DEVELOPER WITH
RERA APPROVED PROJECTS

प्रगति के पथ पर सिगमा ग्रुप आपके सहयोग विश्वास और प्यार का आभारी है

SIGMA
RESIDENTIAL | INDUSTRIAL | COMMERCIAL




DELIVERED PROJECT

SIGMA RESIDENCY
SECTOR 22, KAITHAL, HARYANA



UPCOMING PROJECT

SIGMA GREEN
SECTOR 29, KAITHAL, HARYANA

VISION IN EVERY DETAIL

15 YEARS OF EXCELLENCE
CREATING QUALITY SPACES WITH CARE & COMMITMENT OVER THE YEARS

2000+ SATISFIED FAMILIES
BRINGING HAPPINESS TO FAMILIES ACROSS OUR COMMUNITIES

500+ ACRES UNDER DEVELOPMENT
TURNING LARGE OPEN LAND INTO GREAT PLACES TO LIVE

PANCHKULA EXTN. | AMBALA | KAITHAL | ZIRAKPUR | BADDI | PANIPAT

With a forward-looking approach and unwavering focus on quality, Sigma continues to innovate in real estate. Each project blends modern design, strategic location and long-term value — offering investors, businesses and residents spaces that don't just serve, but truly stand out.

SCAN FOR WEBSITE

FOR MORE INFO CONTACT US: 94043 94043

## खबर संक्षेप

### चाचा-भतीजे को पीटा चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव रिटोली में जमीन की पैमाइश करवाने गए चाचा भतीजे पर कुछ लोगो ने हमला कर घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रिटोली निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह अपने चाचा सुरेंद्र के साथ जमीन की पैमायश करवाने गया हुआ था। जहां पर सतबीर परिवार पहले से था।

### राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट 13 को

**जींद।** राजकीय आईटीआई जींद में 13 जून शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में मेनेटा ऑटोमोटिव कंपोनेंट प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत बहुराष्ट्रीय कंपनी भाग लें रही हैं। जिस भी उम्मीदवार ने आईटीआई पास की है वो इस रोजगार कैंपस में हिसा ले सकता है। कंपनी सभी छात्रों के लिए बेहतर करियर व रोजगार का प्रस्ताव लेकर आ रही हैं।

### पुरस्कार के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञ 30 तक करें आवेदन

**जींद।** केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेदिक विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए स्थापित किए हैं, जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं।

### खरकरामजी में किया फीवर मास सर्वे

**जींद।** गांव खरकरामजी में स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह के नेतृत्व में सरला, ईशवंती, सोनू व संजय स्वास्थ्यकर्मियों व आशा वर्कर की टीम ने गांव में दौरा किया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने बुखार पीड़ित की स्लाइड बनाई और नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया के बचाव के तरीके बताए।

### मारपीट करने पर तीन नामजद

**जींद।** भिवानी रोड पर मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढाबाबा बस्ती निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास अपनी गाड़ी है। जिसके द्वारा मुर्गे दिल्ली लेकर जाता है। वह बुढा बाबा बस्ती के ही प्रीतम की गाड़ी में दिल्ली से घर लौट रहा था। भिवानी रोड पर उनकी आपस मे कहासुनी हो गई।

### आरोपित ने दुष्कर्म पीड़िता को धमकाया

**जींद।** जमानत पर आए दुष्कर्म आरोपित द्वारा पीड़िता के घर मे घुस कर गाली गलौज करने, धमकी देने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पति से अनबन के चलते अपने बच्चों के साथ लगभग आठ साल से मायके में रह रही है।

### चार गांवों में 15 जून को मतदान

**जींद।** उपमंडल उचाना के तीन गांवों काबरचछा, थुआ और बुल्ला खेड़ी, दुडाना में 15 जून को पंचायत उपचुनाव होंगे। चुनाव की तैयारियों के तहत एसडीएम दलजीत सिंह और डीएसपी अमित भाटिया के नेतृत्व में पुलिस बल ने मार्च पास्ट किया। अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने गांवों की गलियों में पैदल मार्च निकाला।

### सुरेंद्र बड़ोदा बने इनेलो पार्टी के प्रधान महासचिव

**अलेवा।** उचाना के अग्रसेन मंदिर में इनेलो की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता उचाना हल्का अध्यक्ष समरजीत सिंह उर्फ बिल्लू पेगां ने की। जिला अध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया की बैठक में हल्का उचाना की कार्यकारिणी को घोषित किया गया। जिसमें सुरेंद्र छात्तर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सुरेंद्र बड़ोदा को प्रधान महासचिव बनाया गया।

## जिले के 1 लाख 90 हजार 363 मकानों में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध

# जल जीवन मिशन के तहत हर घर में उपलब्ध करवाया जाए पेयजल

### पानी के सुरक्षित नए स्त्रोत बनाने के लिए 30 वर्षो का करें प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जिला के प्रत्येक घर में पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की उपलब्धता व भविष्य के 30 वर्षों के लिए पानी के सुरक्षित नए स्त्रोत तैयार करने को लेकर जल जीवन मिशन के निदेशक व अतिरिक्त सचिव कमल किशोर सोन की अध्यक्षता में वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में हुई इस बैठक में जिला से उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, जन स्वास्थ्य विभाग के जनस्वास्थ्य विभाग के एसई विक्रम मोर, कार्यकारी अभियंता गुरमीत सिंह, जिला सलाहकार रणधीर मताना व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एक लाख 90,363 रिहायशी मकानों में पेयजल कनेक्शन उपलब्धः वीडियो कान्फ्रेंस में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सचिव को आश्वस्त करते हुए बताया कि जिला के प्रत्येक घर में हर घर जल योजना के तहत जो लक्ष्य दिया गया है, उसे लगभग पूरा कर लिया गया है। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिला में एक लाख 90 हजार 363 रिहायशी मकान हैं। विभाग द्वारा इन सभी घरों में पीने के पानी के कनेक्शन उपलब्ध करवा दिए गए है। इसके अलावा जिला के 726 राजकीय स्कूलों में भी पानी उपलब्ध करवाने का शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जा चुका है।

जिला में 1236 आंगनवाडी केंद्रों में भी पीने का पानी की उपलब्धता को लेकर जो लक्ष्य दिया गया है, विभाग द्वारा उसे पूरा कर लिया गया है। जिला में दो वाटर क्वालिटी टेस्टिंग लैब संचालित हैं। समय-समय पर जरूरत अनुसार इन लैबों के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। फोटो :हरिभूमि

#### किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम के मद्देनजर आमजन को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध करवाने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि विभाग द्वारा वाटर सप्लाई के जो भी सोर्स हैं उनकी समय-समय पर जांच करते रहें। जिला में प्रतिदिन जल आपूर्ति की निगरानी व्यवस्था व जन शिकायतों की निवारण प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ किया जा सके। सभी विभाग आपस में तालमेल कर रिपोर्ट तैयार करें ताकि उसमें किसी भी प्रकार की मिसमैच होने की स्थिति पैदा न हो। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ व सुरक्षित पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# विद्यार्थियों ने पौधों में दिया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय में कालेज विधार्थियों द्वारा लगभग 50 पौधों में पानी लगाया है। प्रकृति का वैज्ञानिक आधार पर विश्लेषण करना एक प्रबुद्ध कर्तज्ञ मनुष्य का मुख्य उत्तरदायित्व है। दोपहर 1:00 बजे कालेज परिसर में 46 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान रहा है। प्रचंड गर्मी के प्रभाव से बरगद के ऊपर वाले पत्ते और शाखाएं झुलस गई हैं। लगभग 80 पेड़ पानी के अभाव और गर्मी से मुरझाए हैं। तापमापी यंत्र से खुले मैदान में तापमान 45.46 डिग्री सेल्सियस के आसपास मापा गया है और पेड़ों के नीचे तापमान 38. 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं शहरी घनी आबादी में कंक्रीट के क्षेत्र में तापमान 48. 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस अवसर पर जयपाल सिंह आर्य ने बताया कि प्रकृति के सिद्धांत अनुसार तापमान को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक पेड़. पौधे लगाने के साथ पानी लगाकर देखभाल करनी अनिवार्य है। प्राकृतिक संसाधनों कोयला पेट्रोल डीजल इत्यादि जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक दोहन से भूताप में वृद्धि हो रही है। वातानुकूलित यंत्रों के चलने से अंदर की गर्मी बाहर फेंकने से भी वातावरण का तापमान बढ़ रहा है।


नरवाना। पौधों में पानी देते स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि



बैठक के दौरान राजकीय एडेड एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से रूबरू होते वीसी।

#### संवाद बैठक का आयोजन किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि की कॉलेज शाखा द्वारा विवि के सीवी रमन भवन में एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक का आयोजन किया । बैठक में विवि से संबद्ध सभी राजकीय, एडेड एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता, छात्रों के समग्र विकास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भविष्य के शैक्षणिक परिवर्तनों पर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों को एकजुट होकर समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मानदंड स्थापित किए जा सकें और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में तेजी से कार्य करने और पाठ्यक्रमों को छात्रों के लिए और अधिक उपयोगी बनाने पर बल दिया। बैठक में कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश दिए और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### प्रशासन के आश्वाशन के बाद भूख हड़ताल स्थगित

**नरवाना।** नगर परिषद ऑफिस तक सैंकड़ों मजदूरों और अन्य जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने निकाली आक्रोश रैली मंगलवार को मजदूर एकता केंद्र;एम ई केन्द्र के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर असंगठित मजदूरों के लिए एक लेबर चौक बनवाने की मांग को लेकर12 घण्टे की क्रमिक भूख हड़ताल आठवें दिन चेयरमैन के आश्वासन और मजदूरों की पुरानी अनाज मंडी में अस्थाई लेबर चौक की व्यवस्था के बाद मजदूर एकता केंद्र के सदस्यो ने अपनी भूख हड़ताल स्थगित की। संगठन के साथी कुलदीप ने बताया कि आज सुबह सैंकड़ों मजदूरों और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए और नगर परिषद ऑफिस तक आक्रोश रैली निकाल कर वहां धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरो ने नरवाना प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किय।

# सत्संग कर लोगों को पाखंड-दिखावे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

गुरु रविदास की अनन्य भक्त अगूरी बाई के जन्मदिन पर सत्संग कर लोगों को पाखड व दिखावा है दूर रहने के बारे में समझाया गया और सत्संग किया गया व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया उसे आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभा के प्रधान डॉ वीरेंद्र चोपड़ा व उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों को संत शिरोमणि गुरु रविदास का चित्र देकर सम्मानित किया गया। अंबेडकर सभा के प्रधान वीरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि संगत में इतना उत्साह था कि इतनी कड़ी तप्ती धूप में बैठकर सत्संग का आनंद लेते रहे कोई भी सत्संग में आई हुई संगत ने कितनी कड़ी धूप में टस से मस नहीं किया इतनी गर्मी में भी सत्संग का आनंद लेते रहे अगर हम समय-समय पर अपने महापुरुषों को याद करते रहें तो हमारी जो संस्कृति है वह आने वाली पीढी के लिए भी एक प्रेरणा का स्त्रोत रहेगी। इस अवसर पर अभय राम राज कुमार, अशोक नरवाल भीम आर्मी जिला प्रधान अमित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


नरवाना। कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह पहल

**जींद।** ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन ग्राम दर्शन हरियाणा जीओवी आईएन पोर्टल शुरू किया गया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें।

# स्वरोजगार अपनाकर आगे बढ़ें महिलाएं

- चौदह दिवसीय जूट के बैग बनाने का प्रक्षिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गांव गुरथली में चला, जा रहे 14 दिवसीय जूट के बैग बनाने का प्रक्षिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 35 महिलाओं, लड़कियों ने जूट के बैग बनाने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। मुख्यअतिथि पीएनबी मुख्य शाखा शहर से अधिकारी दलबीर श्योकंद ने शिरकत की। प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आज के युग में महिलाएं कैसे अपना रोजगार करके आगे बढ़ रही हैं। और कितने बड़े स्तर तक अपना काम कर रही हैं। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के तहत सब्सिडी वाला लोन लेकर अपना काम शुरू कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने जीवन में आगे बढने व अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के उपरांत ये महिलाएं अपना काम शुरू करेंगी और अपने परिवार की आय बढ़ाने व अपने परिवार की जीवनशैली में सुधार करने का काम करेंगी और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। निदेशक सुखबीर दहिया ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार करके अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया व विभिन्न प्रकार की सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।


जींद। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि


जींद। योग क्रियाएं करते साधक। फोटो :हरिभूमि

#### योग दिवस में भाग लेने के लिए पंजीकरण शुरू

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला में योग प्रोटोकॉल की पालना करते गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयुष विभाग ने विशेष ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल और टोल फ्री नंबर जारी किया है। कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पर लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी रहेगी और जन.जन तक योग का संदेश पहुंचेगा। डीसी ने बताया कि आयुष विभाग ने विशेष पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। नागरिक 9501131800 पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में योग दिवस के आयोजन की व्यापक तैयारी करने और अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन पंजीकरण के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। खासतौर पर शिक्षण संस्थानों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के लिए कहा गया है।

# समय पर करवाएं पशुओं का टीकाकरण

### 25 से 90 प्रतिशत की मिलती है पशु ऋण में छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के ढाठरथ गांव में हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर में किसानों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में चलाई जा रही हरियाणा सरकार की सभी योजनाओं के बारे में बताया गया। शिविर में गांव ढाठरथ के डा. धर्मेंद्र सिंह बत्तरा ने किसानों व पशुपलकों को पशु संबंधित सामान्य जाति व अनुसूचित जाति को मिल रही सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया। जिसमें मुख्यतः पशु बीमा एवं गाय, भैंस, भेड़, बकरी व सूअर आदि पशु ऋण योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी जो कि 25 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक दी जाती है के बारे में भी बताया गया। हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही पशुओं की दुग्ध प्रतियोगिता में दी जाने वाली राशि जो क्रमशः पांच हजार से लेकर 30 हजार तक है के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों व पशुपालकों को समय पर टीकाकरण व पेट के कीड़े की दवाई देने की भी सलाह दी गई।



जींद। किसानों को जाकनारी देते डा. धर्मेंद्र बत्तरा। फोटो :हरिभूमि


जींद। पानी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

#### रैपिड फीवर मास सर्वे किया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ढांडाखेड़ी गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार के नेतृत्व में सुशील शर्मा, पवन श्योकंद व जयवीर सिंह की टीम द्वारा गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बुखार पीड़ित की स्लाइड बनाई गई, टंकी, कूलर, होदी, ड्राम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी में लार्वा की जांच की गई। स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मी हर घर में जाकर बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बना रहे हैं और आमजन को मलेरिया से बचाव बारे जागरूक करने का काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आमजन के सहयोग बारे अपील की और मलेरिया से बचाव बारे पम्प्लेट बांटे। सुशील शर्मा ने कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफ्लिज मच्छर के काटने से होता है। जो कि छत पर रखे बर्तनों, टायर, गमले, फ्रीज के पीछे लगी ट्रे, कूलर, पानी की टंकी, घरों के आसपास बने गड्ढे, नालियों में पनपते हैं। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है।

**कार्यक्रम** विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से रूबरू हुए विशेषज्ञ

# फसल अवशेषों के अकुशल प्रबंधन से मिट्टी की अधिकांश उपजाऊ शक्ति समाप्तः डॉ. नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के वैज्ञानिक व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कृषि विशेषज्ञ सहित सरकार की कई एजेंसियों के अधिकारीगण गांव ढाठरथ, खुंगा कोठी और जामनी में मंगलवार को किसानों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं जानी। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डा. राकेश सेठ ने किसानों को धान की किस्मों और बीज उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी। भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान केंद्र से डा. नीरज कुमार ने फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी और बताया कि हमारी मिट्टी की बहुत सी उपजाऊ शक्ति फसल अवशेषों के अकुशल प्रबंधन से समाप्त हो जाती है। अंततः फसल अवशेष प्रबंधन बहुत जरूरी है। डा. पवन कुमार ने मिट्टी पानी की जांच कैसे और क्यों विषय पर जानकारी दी। डा. प्रीति मलिक ने प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताया। पशु विशेषज्ञ डा. बलवंत ने पशुओं में होने वाली बीमारियों बारे बताया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपमण्डल अधिकारी कृषि डा. बलजीत तथा कोर्डिनेटर डा. बालमुकुंद कौशिक ने डीएआर, बागवानी, फसल मुनाफा बढाने के लिए जानकारी दी और बताया कि यह विस्तृत अभियान पूरे देश में एक राष्ट्रव्यापी पहल है और देश भर के किसान वैज्ञानिकों से जुड़े हैं। उधर, गांव रिटौली, बनियाखेड़ा और मोहम्मद खेड़ा में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र करनाल से डा. सुरेश राणा ने पानी के प्रबंधन, वितरण, सिंचाई कमांड क्षेत्रों में आउटरीच, अनुसंधान और प्रशिक्षण एवं जल विज्ञान की जानकारी दी और किसानों के शंकानिधान करते प्रश्नों का जवाब दिया। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल से डा. सोनू ने पशुओं की देखभाल, दुग्ध उत्पादन बढाने की जानकारी दी।


जींद। किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि


जींद। जाट धर्मशाला में योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि

#### कॉमन योग प्रोटोकोल का अभ्यास

**जींद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले मे आयुष विभाग द्वारा जिला जींद के आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कॉमन योग प्रोटोकोल का आयोजन जाट धर्मशाला में किया गया। आए हुए सभी साधकों को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास आयुष योग सहायक नावां द्वारा और प्रदर्शन नीलम व पूजा द्वारा बहुत ही सहजता व सरलता से करवाया गया। सबसे पहले खड़े होकर करने वाले आसन वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन और फिर बैठकर करने वाले आसन भद्रासन, उष्ट्रासन, दंडासन इसके बाद लेटकर करने वाले आसन भुजंगासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन आदि का अभ्यास करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### डीसी से लगाई गुहार छात्र को मिली ई-ट्राइसाइकिल

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बरटा गांव के दिव्यांग विद्यार्थी अमन को ई-ट्राइसाइकिल प्रदान की। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरी स्कूल में 12वीं कक्षा का विद्यार्थी है। स्कूल आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। मंगलवार को अमन परिजनों के साथ डीसी कार्यालय में आया और अपनी परेशानी को डीसी प्रीति के समक्ष रखा।

### विभागीय गलती के कारण बढ़ी मजदूर की परेशानी

**कैथल।** कैथल जिले के कलायत कस्बे में रहने वाले एक दिहाड़ी मजदूर की परेशानियां विभागीय गलती के कारण बढ़ गई हैं। सुभाष नगर वार्ड नंबर 11 के रामनिवास का बीपीएल राशन कार्ड काट दिया गया है। बताया जा रहा है कि उनके नाम पर गुड़गांव की एक आल्टो कार दर्ज है। नागरिक संसाधन सूचना विभाग की कागजी कार्रवाई में हुई गलती के कारण रामनिवास का परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित किया गया है।

### गांव बालू में हुई मारपीट में एक घायल

**कैथल।** गांव बालू में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बालू के पवन कुमार ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 जून को गांव के बलजीत, निर्मला, अंकुश, अंकित, बलिंदर, गुरजीत सिंह, रवि, गुरुदेव, ज्योति, अरुण और निर्मला ने मिलकर लाठी डंडे और तेज धार हथियारों से हमला करते हुए उसके भाई प्रदीप को घायल कर दिया।

### सड़क पर कीकरों से वाहन चालक परेशान

**राजौंद।** राजौंद के पुंडरी मार्ग पर गांव संतोख माजरा के पास व पेट्रोल पंप के पास सड़क पर खड़े जंगली कीकरों के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि कोई भी वाहन चालक यहां से रात को गुजरता है तो बिना चोट लगे नहीं गुजर सकता। क्योंकि इन कीकरों की टहनियों सड़क की तरफ फैली हुई हैं।

### साइबर ठगों से बचने के लिए चलाया अभियान

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी के मार्गदर्शन में कैथल पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा शहरी/ग्रामीण क्षेत्र तथा स्कूल, कॉलेज इत्यादि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है और लोगो को नये तकनीकी के बारे जागरूक किया जा रहा है।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति पर केस दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। महिला पुलिस को देश शिकायत में गांव सिरसल की एक विवाहिता ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व जिला करनाल के गोली गांव के शिव कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय दिए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे व अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ति करते थे।

## डीएमसी को दिए निर्देश-नालों में गोबर डालने वालों को जारी करें नोटिस

# डीसी ने किया शहर की ड्रेनों और नालों का निरीक्षण, दिए सफाई करने के निर्देश

### बारिश के सीजन में नागरिकों को नहीं होनी चाहिए किसी प्रकार की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने मंगलवार सुबह कैथल शहर की छोटी-बड़ी ड्रेनों व नालों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई कार्य सहित बाढ़ राहत के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों व नालों की सफाई कार्य की स्वयं मॉनिटरिंग करें और सफाई कार्य में तेजी लाएं। नालों में गोबर डालने वाले लोगों को नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं।

उन्होंने कहा कि आगामी मानसून में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसको लेकर पिछले चार दिनों से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। डीसी प्रीति ने कहा कि जहां पर हर वर्ष जलभराव की स्थिति पैदा होती है, उन पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मानसून से पहले हर हालत में ड्रेनों व नालों की सफाई हो जानी चाहिए। इसके लिए जो भी मशीनरी इस्तेमाल करनी है, उसे लगाएं। सफाई कार्य गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए, ताकि बारिश के सीजन में पानी की निकासी में किसी प्रकार की कोई बाधा न पहुंचे। इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**कैथल।** डीसी प्रीति कैथल शहर की ड्रेन व नहरों का निरीक्षण करते हुए।

#### सफाई कार्य में सुधार की आवश्यकता

डीसी प्रीति ने कहा कि निरीक्षण में पाया गया है कि सफाई कार्य में सुधार की आवश्यकता है। डीएमसी सहित अधिकारियों को नालों की समय रहते सफाई के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में यह भी देखने में आया है कि लोगों ने फड़ों को बड़ा कर कई जगह नालों को कवर कर दिया है, जिसकी वजह से कई जगह चौकिंग प्वाइंट बने हुए हैं, और तेज बारिश आने पर वहां पर जलभराव की समस्या हो सकती है। इस अवसर पर डीएमसी सुशील कुमार, नगर परिषद ईओ दीपक कुमार, सचिव भानू शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



#### गोबर डालने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश

डीसी प्रीति ने सबसे पहले मानस ड्रेन के ढांड रोड पर शुरूआती प्वाइंट का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कवर एरिया में ड्रेन की सफाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही नाले में गोबर डालने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद भगवान परशुराम चौक पर निरीक्षण किया गया, जहां ड्रेन की सफाई का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। साथ ही यहां नाले बंद मिले। इसके बाद डीसी प्रताप गेट पर श्मशान घाट के सामने एकत्रित पानी की निकासी कार्य का निरीक्षण किया। प्रताप गेट पर दोनों साइड के नालों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद चंदाना गेट पर बंद पड़े नाले को लेकर उन्होंने नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द ये नाले खुलवाएं जाएं। उन्होंने रेलवे गेट पर नाले के बिल्कुल ऊपर कचरा डंपिंग प्वाइंट को लेकर कहा कि हर रोज समय से कचरा उठ जाना चाहिए और जहां से नाले ओपन हैं, उनके ऊपर ऐसे कचरा प्वाइंट न हों। उन्होंने यहां नालों की उचित सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद भगत सिंह चौक का निरीक्षण किया, जहां दुकानों के बाहर रैंप से नाले कवर किए हुए मिले, साथ ही नालों की सफाई भी संतोषजनक नहीं मिलीं। डीसी ने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इसकी सफाई की जाए, चाहे रैंप को तोड़ना पड़े। इसके बाद डीसी प्रीति श्री ग्यारह रुद्री मंदिर के पीछे अन्न देव तालाब पर पहुंची और यहां पर चल रहे कार्य की रिपोर्ट कार्यालय में तलब की।



**गुहला–चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# 21 जून को मनाएंगे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- 20 जून को पुरानी अनाज मंडी चीका में ही होगी पायलट रिहर्सल
- अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन की रहेगी भागीदारी : कैप्टन प्रमेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि 21 जून को पुरानी अनाज मंडी चीका में खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 20 जून को पायलेट रिहर्सल होगी, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवी संस्थाओं व आमजन की भागीदारी रहेगी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतम रूप से मनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाई गई हैं। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह मंगलवार को अपने कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अबकी बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग होगा। उन्होंने शिक्षा विभाग, आयुष विभाग और खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। यातायात व्यवस्था व पार्किंग के लिए पुलिस विभाग की ड्यूटी रहेगी।

कार्यक्रम स्थल तथा उसके आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई तथा शौचालय आदि जिम्मेदारी नगर पालिका व मार्किट कमेटी की रहेगी।इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी बलवीर सिंह, मार्किट कमेटी सचिव सतबीर राविश, नगरपालिका सचिव जितेंन्द्र कुमार, एसडीओ अजमेर सिंह व इंद्राज पंवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ अभियान किया शुरू

- नशा तस्करों का डाटा तैयार करके की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व में नशे के खिलाफ एक सशक्त अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम घर-घर जाकर नशा करने वालों की पहचान करेगी।

इस अभियान का उद्देश्य नशा करने वालों को अपराध की दुनिया से दूर करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस नशा करने वाले व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें नशा मुक्ति केंद्रों या सिविल अस्पताल से जोड़कर उन्हें उचित दवाइयां दिलवाने में सहायता करेगी। इसके साथ ही, नशे के अवैध व्यापार में लिप्त तस्करों की पहचान कर उनका डाटा तैयार किया जाएगा और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को उक्त पुलिस टीम द्वारा थाना सीवन क्षेत्र अंतर्गत नागल, पोलड़, मांझला व सीवन में नशा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें घर-घर जाकर नशा करने वालों की पहचान।जरूरतमंदों को नशा मुक्ति की दिशा में मार्गदर्शन व उपचार हेतु प्रेरित करना।नशा तस्करों का डाटा तैयार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई।



**कैथल।** डोर टु डोड अभियान तहत आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

# शिक्षक गरिमा शिविर में शिक्षकों की सहभागिता

- शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और आत्मविकास की दिशा में प्रशिक्षित करना रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार में 7 एवं 8 जून को आयोजित शिक्षक गरिमा शिविर में डीडीवाई वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरक पांडवा कैथल के शिक्षकों ने प्रधानाचार्य सलिंद्र सिंह के नेतृत्व एवं भूपेंद्र सिंह रोहिल्ला के मार्गदर्शन में सक्रिय सहभागिता की। शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और आत्मविकास की दिशा में प्रशिक्षित करना था। शिविर का शुभारंभ शैफाली पंड्या दीदी के प्रेरक वक्तव्य से हुआ, जिसमें उन्होंने शिक्षक को 'नवयुग निमार्ता' बताते हुए उनके जीवन में मूल्यों की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर में 'शिक्षक का आदर्श व्यवहार', 'भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा का संतुलन', तथा 'योग व ध्यान का शिक्षकीय जीवन में महत्व'जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। डीडीवाई विद्यालय के शिक्षकों ने इस शिविर को आत्मनिरीक्षण और आत्मपरिष्कार का दुर्लभ अवसर बताया। समूह चर्चा, यज्ञ, योगाभ्यास व सत्संग जैसे आयोजन वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरते रहे। शिविर के समापन पर प्रधानाचार्य सलिंद्र सिंह ने कहा, ऐसे शिविर न केवल शिक्षकों को जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। हम प्रयास करेंगे कि भविष्य में विद्यालय के और अधिक शिक्षक इस अनुभव से लाभान्वित हों। वहीं विद्यालय के संस्थापक सुभाष शास्त्री ने कहा 'जब शिक्षक स्वयं समर्पित और मूल्यनिष्ठ होते हैं, तब शिक्षा केवल किताबी नहीं रहती—वह संवेदना, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की क्रांति बन जाती है।'



**कैथल।** शिविर में उपस्थित शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

# पाई से नि:शुल्क त्रैमासिक बस यात्रा रवाना

- अनाज मंडी प्रधान सत्यवान ढुल ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पाई द्वारा आज मंगलवार को 11वीं त्रैमासिक नि*शुल्क बस यात्रा का आयोजन किया गया, जो श्रद्धालुओं को श्री सालासर धाम एवं श्री खाटू श्याम जी के दर्शन हेतु रवाना की गई। यह बस सुबह 6.30 बजे रामलीला ग्राउंड, पाई से रवाना हुई। गांव पाई के अनाज मंडी प्रधान सत्यवान ढुल ने इस बस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री ढुल ने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में एकता, सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देती हैं। साथ ही, ये यात्राएं बच्चों में अच्छे संस्कारों का संचार भी करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि संस्था को जब भी मेरी जरूरत होगी, मैं 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर रहूंगा।



**पूंडरी।** बस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते अनाज मंडी प्रधान सत्यवान ढुल। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही ये बस यात्रा पूर्णत* नि:शुल्क होती है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए यात्रा, भोजन, पेय एवं आवास की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क की जाती है। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन वीरेंद्र सांगवान, संरक्षक प्रेम प्रकाश, डॉ. वीरेंद्र ढुल, प्रधान प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष मान. बलविंदर ढुल, राकेश शर्मा एवं प्रवेश सहित अनेक श्रद्धालु व ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा की जा रही है, और इसे सामाजिक सौहार्द एवं धार्मिक आस्था को सशक्त करने वाला कदम माना जा रहा है।

# कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 16 जून तक बढ़ा दिया है। श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत के प्राचार्य सुनील गर्ग ने बताया कि महाविद्यालय में दाखिला लेने की इच्छुक छात्राएं जल्द से जल्द पोर्टल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करवाए। उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय छात्राएं अधिकतम विषय समूहों का चयन करें। श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि



नवीन कुमार

विधार्थियों की सुविधा के लिए एडमिशन की अंतिम तिथि को 9 जून से बढ़ाकर 16 जून कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एडमिशन का पूरा शेड्यूल उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जल्द ही जारी कर दिया जाएगा । महाविद्यालय में अब तक स्नातक प्रथम वर्ष के लिए लगभग 260 छात्राएँ अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुकी हैं। महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों द्वारा फॉर्म वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है।

### 95011-31800 नंबर पर मिस कॉल कर योग के लिए करवाएं पंजीकरण

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वाधान में सभागार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जखौली अड्डा में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आयुष विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुन्तला दहिया ने आमजन से आह्वान किया कि वे 95011-31800 नंबर पर मिस कॉल कर योग के लिए अपना पंजीकरण करवाएं।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को मिला वैज्ञानिक खेती का मंत्र

**पूंडरी।** कृषि में नवाचार और टिकाऊ तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र कैथल द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पूंडरी क्षेत्र के हजवाना, बकल और रामाणा गांवों में एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सब्जी वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत कौशिक और मृदा वैज्ञानिक डॉ. दीपक की अध्यक्षता में किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के लाभ बताए गए। इस अवसर पर सीएसएसआरएस के डॉ. बलवान और डॉ. अमरेश चौधरी, एनडीआरआई के डॉ. टीके मोहंती और डॉ. प्रेम लाल कश्यप ने भी किसानों को आधुनिक तकनीकों से खेती करने के लिए प्रेरित किया।

## इस समय देश चौतरफा संकट से गुजर रहा: सहसचिव

# सावित्री बनी जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का जिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता सुनीता और रामकली जांगड़ा ने की। मंच संचालन सावित्री एवं शर्मिला ने किया।

सम्मेलन की शुरूआत जिला अध्यक्ष सुनीता ने झंडा फहराकर की। शोक प्रस्ताव जमीला ने रखा जिसमें पहलगाम में मारे गए लोगों तथा पिछले तीन साल में हमारे से बिछड़े लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्य सहसचिव जरासो देवी ने कहा कि इस समय देश चौतरफा संकट से गुजर रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, आतंकवाद, अपराध आदि समस्याओं से जनता पीड़ति है। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता जयप्रकाश शास्त्री, सीटू के नेता नरेश, शकुंतला, एसएफआई के नेता मनजीत, आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन की नेता मनजीत कौर, आशा वर्कर्स यूनियन की नेता सुषमा ने सम्मेलन को शुभकामनाएं दी। जिला सचिव सावित्री ने तीन साल की कार्य व बजट रिपोर्ट रखी। रिपोर्ट पर चर्चा में राजदुलारी, गीता, बिमला, चंद्रपति ने बातचीत रखी। रिपोर्ट को सर्वसम्मति से सभी ने पास किया।



**कैथल।** जनवादी महिला समिति के सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी।

#### सम्मेलन के लिए 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी चुना

सम्मेलन में 11 सदस्यीय जिला कमेटी और 6 सदस्यीय सचिव मंडल का चुनाव किया गया। 7 सदस्यों को आमंत्रित रखा गया। सावित्री अध्यक्ष, रामकली जांगड़ा सचिव, शर्मिला कोषाध्यक्ष, सुखदेई, सुनीता तितरम उपाध्यक्ष, दनिशा सहसचिव चुनी गई। संगीता, रामदुलारी, चंद्रपति, रानी, सुनीता नीमवाला को कमेटी सदस्य व बिमला, मुर्ति, रानी, हिना , नीलम, रोशनी, जमीला, गीता को आमंत्रित सदस्य चुना गया। 28-29 जून को जींद में होने वाले राज्य सम्मेलन के लिए 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी चुना गया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**

श्रीमति सुनीता देवी विधवा श्री शीशपाल सकना सुन्दर नगर कालोनी जीन्द तह० व जिला जीन्द।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व० शीशपाल पुत्र श्री गिरधाला निवासी सुन्दर नगर जीन्द तह० जिला जीन्द का देहान्त दिनांक 24-10-2024 को हो चुका है और उनकी मृत्यु के बाद जो कि अब उनके निम्न कानूनी वारसान हैं **क्र.सं.** 1, **नाम** : श्रीमति सुनीता, **मृतक से सम्बन्ध** : पत्नी/ विधवा आ० नं0 854825184616, **क्र.सं.** 2, **नाम** : राहुल, **मृतक से सम्बन्ध** : पुत्र आ. नं. 352731650074

उपरोक्त के अलावा स्व. श्री शीशपाल पुत्र श्री गिरधाला के अन्य कोई वारसान नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए कानूनी वारसान / उतराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द

खबर संक्षेप

### विधायक से मिलने आए व्यक्ति के एक लाख चोरी

**जींद।** उचाना मंडी में विधायक से मिलने आए व्यक्ति की जेब से किसी व्यक्ति ने एक लाख रुपये की नगदी को निकाल लिया। गांव अलेवा निवासी रामजुआरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उचाना मंडी में उचाना के विधायक से मिलने आया हुआ था। किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर उसकी जेब से एक लाख रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### उदित कुंज फाउंडेशन ने लगाया जागरुकता शिविर

**पाई।** पाई के करोड़ा गांव में चिकित्सा तथा शिक्षा को लेकर एक जागरूकता कैम्प लगाया गया। यह कैम्प उदित कुंज फाउंडेशन की ओर से लगाया गया। फाउंडेशन के निदेशक कुलबीर सिंह ने बताया कि उनका यह कैम्प अभियान पिछले साल हिसार से शुरू किया गया था। अब ठः माह के बाद जिला कैथल का नम्बर आया है और जिले में इसकी शुरूआत करोड़ा गांव से की गई है।

### चाचा ने हमला कर भतीजे को किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव गढ़ी में दीवार निकालने को लेकर चाचा ने भतीजे पर हमला कर घायल कर दिया। गांव गढ़ी निवासी प्रगट सिंह ने बताया कि वह अपने मकान की दीवार बनाने के लिए नींव खोद रहा था। उसी दौरान उसके चाचा गुलजार ने कहा कि जमीन उसके हिस्से की है और नींव खोदने का विरोध किया। उसका चाचा तेजधार हथियार निकाल लाया और उस पर हमला कर दिया।

### राज्य स्तरीय योग मैराथन 15 जून को कुरुक्षेत्र में

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि खेल एवं आयुष विभाग हरियाणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 15 जून को राज्य स्तरीय योग खेल मैराथन का आयोजन कुरुक्षेत्र में प्रातः 06:00 बजे करवाया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### कार सवारों ने हमला कर किया घायल, दो नामजद

**जींद।** गांव पालवां निवासी संदीप ने पुलिस को बताया कि वह गांव के ही समंत के साथ उचाना मंडी में बैठा हुआ था। उसी दौरान गांव पनिहारी निवासी नवीन से कहासुनी हो गई। उस दौरान तो मामला शांत हो गया। गत दिवस वह बस अड्डा की तरफ जा रहा था। उसी दौरान कार सवार होकर आए समंत, नवीन व अन्य ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**कैथल।** अंबाला रोड बाइपास पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव मूड के रणधीर सिंह ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब वह 5 जून को अंबाला बायपास चौक के निकट से जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बुढाखेडा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुढाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी बाहर पढ़ती थी। जो फिलहाल छुट्टी आई हुई थी। जो गत छह जून को घर से गायब हो गई।

### इंदिरा आवास कॉलोनी पर बस रोकने की मांग

**राजौंद।** जींद रोड पर इंदिरा आवास कॉलोनी के लोगों को बस न रुकने से गर्मी के इस मौसम में भारी परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि कालोनी के लोगों को डेढ़ से 2 किलोमीटर तक मुख्य मार्ग से फिर घर वापस जाने को विवश होना पड़ता है।

## दिन के समय बाहर निकलना मुश्किल, जींद में पारा 42 डिग्री पार

# सूर्य देवता का रौद्र रूप शुरू, लू लगने से अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी

- रात के समय में बिजली कट कर रहे लोगों को परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले तीन दिन से सूर्य देवता अपना रौद्र रूप दिखा रहे हैं। लगातार पड़ रही गर्मी ने जनता को बेहाल कर दिया है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी पारा 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।

तेज गर्मी के कारण दोपहर को सड़कें कर्फ्यू की तरफ सुनसान नजर आई। वहीं लू व गर्मी लगने की शिकायत लेकर अस्पताल में काफी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों ने आमजन को गर्मी को देखते हुए विशेष ख्याल रखने की सलाह दी है। वहीं दिनोंदिन बढ़ रही गर्मी से एसी मार्केट गुलजार है। लोग कूलर की बजाए एसी खरीदने को ज्यादा त्वज्जो दे रहे हैं।

### रात को बिजली कट कर रहे परेशान

दिन में गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो रात के समय लगने वाले बिजली कटों ने आमजन की नींद हराम कर दी है। वहीं तापमान में बढ़ोत्तरी का सीधा असर बिजली सप्लाई पर भी पड़ा है। एसी व कूलरों के चलने से बिजली खपत प्रतिदिन 70 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। ओवरलोड होने की वजह से ट्रांसफार्मरों के फ्यूज भी उडऩे लगे हैं। ऐसे में बिजली शिकायत केंद्र पर शिकायत संख्या भी बढ़ गई है।



जींद। खेत में लगी पनीरी को संभालने आया किसान। फोटो : हरिभूमि

### एसी की बढ़ी डिमांड

लगातार बढ़ रही गर्मी ने एसी की डिमांड को बढ़ा दिया है। लोग कूलर की बजाए एसी को त्वज्जो दे रहे हैं। एसी लगवाने के लिए वेटिंग भी दो से तीन दिन चल रही है। वहीं नींबू व हरी सब्जियों के दामों में वृद्धि हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। 16 जून के बाद बाद बूंदाबांदी की संभावना है।

### हीट वेव से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें।



कैथल। बिजली कटों से खफा गांव रोहेड़िया के ग्रामीण नारेबाजी कर रोष जताते हुए।

### रोहेड़िया के ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**कैथल।** प्रदेश सरकार की गांवों में 24 घंटे बिजली देने के दावे रोहेड़यिा गांव में फेल हो रहे हैं। पिछले एक करीब सप्ताह से गांव में बिजली के कट होने की समस्या से परेशान होकर ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों पर बिजली बेचने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से रोजाना रात एक बजे से सुबह चार बजे तक बिजली के कट लग रहे हैं। भीषण गर्मी में जब तापमान 43 से 45 डिग्री तक पहुंच रहा है, ऐसे में रात की नींद छिन जाना किसी सजा से कम नहीं है। गांव में हर घर में मीटर है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत लोग बिजली बिल भी नियमित रूप से भरते हैं। इसके बावजूद इस तरह की कटौती ने पूरे गांव को चिंता में डाल दिया है। ग्रामीण मनोज कुमार तेजपाल, सतबीर सिंह, विजय कुमार, चंद्रभान, सोहन कुमार, मोहित कुमार, धर्मवीर सिंह, मुकेश कुमार, संजीव कुमार ने बताया कि हमारे गांव में न तो ट्रांसफार्मर खराब है, न पोल टूटे हैं, न कोई बड़ा तकनीकी फॉल्ट। फिर प्रतिदिन रात एक ही समय पर बिजली क्यों गायब हो जाती है? क्या कोई अधिकारी रात के समय यह बिजली किसी फैक्ट्री, मिल या प्राइवेट यूनिट को बेच रहे हैं? यदि नहीं तो बिजली विभाग पारदर्शी जांच करवा कर हमें सच बताए।

#### बिजली का लोड बढ़ा

बिजली निगम के एसई सोमबीर भालोठिया ने बताया कि गर्मी अधिक होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली का लोड बढ़ रहा है। इस कारण ही बिजली के कट लग रहे हैं।

गर्मी के कारण सूनी सड़क



## सूर्यदेव उगल रहे आग 43 डिग्री तक पहुंचा पारा

- लू ने झुलसाया, लोग पसीने से तर-बतर हो रहे

**कैथल।** जून के दूसरे सप्ताह में तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले पांच दिन में अधिकतम तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो चुकी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में अब गर्मी का प्रकोप जारी है। लू ने झुलसाया है और लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं।

हालांकि आगामी पांच दिनों के बाद राहत मिलने के आसार नहीं हैं। इसकी वजह से चार-पांच दिन और गर्मी से आमजन को परेशान होना पड़ेगा। बीते दो-तीन से तापमान में बढ़ोतरी होने से बिजली की खपत भी बढ़ी है। साथ ही अघोषित कट भी लग रहे हैं। जिले में करीब 70 लाख यूनिट तक खपत हो रही है। शहर में मंगलवार को दिनभर लोगों को लू के थपेड़े झेलने पड़े। शाम तक गर्म हवा का प्रकोप बना रहा। एक दिन पहले की तुलना में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं आया है। न्यूनतम तापमान भी करीब एक डिग्री बढ़ गया। सुबह से ही मौसम साफ एवं शुष्क रहा। 10 बजे वातावरण में तपिश बढ़ गई। दोपहर तक 14 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से गर्म हवा चलनी शुरू हो गई। वातावरण में नमी की मात्रा अब 67 से घटकर 25 प्रतिशत आ गई है। पिछले सप्ताह बूंदाबांदी एवं पूर्वी हवा की वजह से नमी की मात्रा 67 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इससे उमस भरी गर्मी बन रही थी। अब दो दिन से उतरी-पश्चिमी हवा चलने से वातावरण से नमी की मात्रा कम होने की वजह से हवा गर्म हो रही है।

#### 18 से होगा बदलाव

मौसम विशेषज्ञ डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि 18 जून से मौसम में बदलाव आएगा। 18 से 23 जून तक बूंदाबांदी एवं तेज गति से हवा चलने की संभावना है। इससे पहले 12 जून को भी एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे उत्तरी जिलों में मौसम में बदलाव जाएगा। इससे तापमान कुछ नीचे गिरेगा।

## धान की बिजाई का दिया प्रशिक्षण

- बात्ता, कैलरम, सिमला, कुराड के किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डा. बाबूलाल व उपमंडल कृषि अधिकारी डा. सतीश कुमार नारा के दिशा-निर्देशानुसार एवं डा. विजय मान बीएओ कलायत के द्वारा खंड कलायत के गांव बात्ता, केलरम, सिमला, कुराड में धान की सीधी बिजाई तकनीक पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविर में डा. विजय मान बीएओ कलायत ने किसानों को धान की सीधी बिजाई पर प्रति एकड़ 4500 रुपए व मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत 8000 रुपये प्रति एकड़ मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से धान की सीधी बिजाई पर प्रति एकड़ 4500 रुपये अनुदान प्रदान किया जाएगा। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किल्ले व मुरब्बा नंबरों की सही पहचान करके धान की सीधी बिजाई के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। कैथल जिले में अबकि बार धान की सीधी बिजाई के लिए 15000 एकड़ का लक्ष्य रखा गया है। धान की सीधी बिजाई के लिए सबसे पहले खेत को कम्प्यूटरीकृत लैवलर से समतल करना होगा



कैथल। कृषि विभाग के अधिकारी धान की सीधी बिजाई का प्रशिक्षण देते हुए।

### धोखाधड़ी कर मकान मालिक के नाम पर लिया बिजली कनेक्शन

**कैथल।** चीका पुलिस ने किराए के मकान में फर्जी दस्तावेजों के सहारे बिजली का मीटर रिलीज करवाने के नाम पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चीका के महावीर प्रसाद ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपना मकान परमेश वर्मा को किराए पर दिया था। आरोप है कि उसके मकान में उसके नाम से बिजली का मीटर लगा हुआ था। इस पर आरोपी ने बिजली का बिल नहीं भरा तथा उसको किराया भी नहीं दिया। इस बारे में उसने अदालत में याचिका दायर की जिस पर अदालत द्वारा उसके हक में फैसला दिया गया। बिजली का बिल अदा न करने पर बिजली निगम द्वारा बिजली का कनेक्शन काट दिया गया।

## पूजा ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

- शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में 11वीं की छात्रा है पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल की कक्षा 11वीं की मेधावी छात्रा पूजा पुत्री अजमेर ने जिला स्तरीय अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए हो गया है।

पूजा का अगला लक्ष्य राज्य स्तरीय चैंपियनशिप है जो 10 जून से 13 जून 2025 तक पंचकुला के देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में हरियाणा भर के बेहतरीन पहलवान हिस्सा लेंगे और पूजा अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। पूजा ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से नियमित अभ्यास कर रही है। सुबह-शाम की कड़ी मेहनतए संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने में सफलता पाई है। उनके पिता अजमेर का भी इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने कहा कि यह न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने पूजा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्कूल हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा।



नरवाना। छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### डेरा बाबा पीपल नाथ के सेवकों ने मीठे और शीतल जल की छबील लगाई



**नरवाना।** मंगलवार को पंजाबी चौक की मेन सड़क पर डेरा बाबा पीपल नाथ के सेवकों के द्वारा भीष्म गर्मी की नजाकत को देखते हुए राहगीरों को ठंडे पानी एवं रूहअफजा पिलाया गया। डेरा बाबा पीपल नाथ जी के महंत जागनाथ जब से डेरे मे आये है आये दिन काई न कोई समाजिक कार्य उनके सानिध्य में चलता रहताए इनके आने से भक्तों की आस्था भी बढ़ी है! अभी कुछ दिन पंजाबी चौक के प्रांगण मे विशाल भंडारा भी लगाया था! उनके आशीर्वाद से कोई न कोई समाज सेवा में चलता ही रहता हैए भगतों की संख्या भी काफी बढ़ी और सभी संगत समाज कल्याण के कार्यक्रम करते रहते हैं मंगलवार को इसी कड़ी में भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे रूह अफजा की छबील लगाई गईए लोगों की प्यास बुझाने काम किया गया।

## यौन उत्पीड़न के प्रति किया जागरूक

- महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला सचिवालय के सभागार में कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीसी प्रीति ने महिला कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया।

वहीं इस कार्यशाला में अधिवक्ता अरविंद खुरानियां ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यस्थल पर महिला का यौन शोषण (निवारण, निषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीसी प्रीति ने कहा कि यदि किसी महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित कोई परेशानी आती है तो आपको चुप नहीं रहना है, बल्कि निडरता के साथ उसके खिलाफ आवाज उठानी है। इस कानून के तहत महिला अपनी सही शिकायत दें और किसी के खिलाफ गलत शिकायत न दें। उन्होंने कहा कि कानून के दायरे में शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न कानूनन जुर्म है। इस प्रकार की घटना न केवल पीड़ित महिला बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करती है।



कैथल। कार्यशाला में उपस्थित डीसी प्रीति व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों में बंद हुए ऑपरेशन

- नागरिक अस्पताल के चार सर्जन पर होगा ऑपरेशन करने का भार

**जींद।** सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों में होने वाले पित की पथरी, किडनी की पथरी, रसौली, मोतियाबिंद और बच्चेदानी का ऑप्रेशन बंद कर दिए गए हैं। निजी अस्पतालों में इस तरह के प्रतिदिन लगभग 50 ऑप्रेशन होते थे। अब नागरिक अस्पताल में इन ऑप्रेशन के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में दूरबीन से ऑप्रेशन की सुविधा नही है। इसके चलते नागरिक अस्पताल में इन बीमारियों में ऑप्रेशन करवाने के लिए आने वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दूरबीन से ऑप्रेशन आसानी से हो जाते हैं लेकिन नागरिक अस्पताल में यह आप्रेशन चीरा के साथ होने से ज्यादा दिनों तक मरीज को आराम की स्थिति में रहना होगा।



जींद। नागरिक अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन।

### दूषित पानी आने पर लोगों ने जताया रोष

**राजौंद।** शहर के पुंडरी मार्ग पर वार्ड नंबर एक में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सप्लाई किए जाने वाला पानी गंदा आने पर लोगों ने रोष प्रकट किया है। इस बारे वार्ड निवासी मोहिंद्र फौजी,कुशाल,भोलू, संदीप, कालू, रोहित, दीपक ने बताया कि लगभग 2 महीने से यहां पुलिया के पास जो मेन होल बनाया गया है उसमें नाली का पानी भर जाता है फिर वही पानी सप्लाई में लोगों के घरों में पहुंच रहा है।

इससे लोगों को स्वच्छ जल मिले 2 माह बीत चुके है जबकि वह इस बारे संबंधित विभाग के कर्मचारियों को लिखित में भी शिकायत कर चुके हैं। उसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। जिससे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और पानी इतना गंदा होता है की घर के किसी भी प्रयोग में नहीं आता।

प्रेस वार्ता

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर दिया जाएगा जोर

# विवि को शैक्षणिक उत्कृष्टता व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना उद्देश्य : वीसी

विद्यार्थियों के लिए अधिक से अधिक कोर्स देने को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही स्थानीय समाज और उद्योगों से सांझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। वीसी प्रो. रामपाल सैनी मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक कोर्स देने की प्राथमिकताएं हैं। यह सभी चाहते हैं कि विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक कोर्स आएं। अधिक से अधिक बच्चें आएं। जिससे विश्वविद्यालय का नाम हो।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

#### कंस्ट्रक्शन के कार्य जल्द होंगे पूरे

वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय में कुछ कंस्ट्रक्शन के कार्य हैं, जिसे जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। तीसरा ब्लॉक में जल्द से जल्द कार्य शुरू हो। लाइब्रेरी तैयार हो चुकी है। जल्द ही इसका उद्घाटन करवा कर विद्यार्थियों के लिए व्यवस्था की जाएगी। वीसी ने कहा कि दूसरी प्राथमिका है कि टीचिंग स्टाफ को गति दें। जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू हो ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उन्हें अच्छे प्राध्यापक मिलें। इसके बाद जो फेसिलिटी हैं, उन पर फोक्स होगा। उनकी तीसरी प्राथमिकता यह है कि युनिवर्सिटी की रैंकिंग अव्वल हो। नैक के लिए अगले पांच-छह माह के लिए तैयारी करें। नैक की रैंकिंग के आधार पर विश्वविद्यालय को ग्रांट मिलती है। नैक की अच्छी रैंकिंग मिले। विश्वविद्यालय के पास कॉलेज से ज्यादा सोर्स होने चाहिएं। सरकार से अधिक से अधिक ग्रांट ली जाए ताकि उसका प्रयोग छात्रों की अच्छी शिक्षा के लिए किया जा सके। वहीं प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि विश्वविद्यालय 2014 में शुरू हुई थी। आज विश्वविद्यालय में 28 डिपार्टमेंट चल रहे हैं। छह प्रोग्राम हैं जिसमें पीएचडी शिक्षा भी शामिल है। चार हजार से ज्यादा छात्रों की संख्या है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** पुंडरी हलके के गांव कौल में एक सड़क हादसा हुआ है। साकरा की तरफ जा रहे एक युवक की बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में युवक को सिर में चोट आई है। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

राहगीरों ने बताया कि युवक तेज गति से बाइक चला रहा था। वह फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान करनाल की तरफ से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। लोगों ने तुरंत डायल 112 और एम्बुलेंस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान अजय के रूप में हुई है करनाल के गांव कोयर का रहने वाला था। युवक के भाई की भी एक महीना पहले हार्ट अटैक से मौत हुई थी। अजय की मौत के बाद घर में मां अकेली रह गईं।